नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

प्रिय नितिन जी,

विषयः—**मधुबनी नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत तिलक चौक आर॰सी॰डी॰ सड़क से गौशाला चौक, आदर्शनगर, नवटोली होते हुए पंचवटी चौक एन॰एच॰ 527A तक जानेवाली सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने के संबंध में।**

आप अवगत होगें कि नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 762 दिनांक 6.7.2021 के आलोक में दिनांक 7.7.2021 को माननीय उपमुख्यमंत्री सह मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में राज्य के अधीन विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रान्तर्गत 6 मी॰ अथवा उससे अधिक चौड़ी सड़कों को जिसकी लम्बाई 0.5 कि॰मी॰ से अधिक है को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण के संबंध में हुई समीक्षा बैठक में 303 पथों की समेकित सूची भेजी गई है। नगर निकाय की वैसी सड़कें जिसकी लम्बाई 0.5 कि॰मी॰ से कम है, के निर्माण एवं रख—रखाव नगर विकास विभाग के द्वारा किया जाना निश्चित हुआ है।

मधुबनी नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत तिलक चौक आर॰सी॰डी॰ सड़क से गौशाला चौक, आदर्शनगर, नवटोली होते हुए पंचवटी चौक एन॰एच॰ 527A तक जानेवाली सड़क आमजनों के आवागमन का मुख्य मार्ग है, जिसकी चौड़ाई 6 मी॰ से अधिक एवं लम्बाई लगभग 3 कि॰मी॰ है, साथ ही यह पथ एन॰एच॰ 527A से जुड़ने के कारण एक व्यस्त मार्ग है।

उक्त पथ का रख—रखाव एवं मरम्मति कार्य न होने से जर्जर अवस्था में है। जनहित में इस सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराने की आवश्यकता है। यह पथ नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने हेतु दिए गए 303 पथों की समेकित सूची में सम्मिलित नहीं है।

अतः अनुरोध है कि मधुबनी नगर निगम में स्थित तिलक चौक आर॰सी॰डी॰ सड़क से गौशाला चौक, आदर्श नगर, नवटोली होते हुए पंचवटी चौक एन॰एच॰ 527A तक जानेवाली नगर निकाय की सड़क को पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

ह० —

(नीतीश मिश्रा)

सेवा में,
श्री नितिन नवीन जी,
माननीय मंत्री,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार सरकार, पटना

ज्ञापांक: 304/2021 **दिनांक-30-8-2021**

प्रतिलिपि—कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण प्रमंडल, मधुबनी को सूचनार्थ।

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 30·8·21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranit www.jhanjharpur.co.in